एस. के. जी. रहाटे
अध्यक्ष
S. K. G. RAHATE
Chairperson

सत्यमेव जयते

भारत सरकार Government of India
भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण
Airports Economic Regulatory Authority Of India
उड़ान भवन, सफदरजंग हवाई अड्डा Udaan Bhawan, Safdarjung Airport
नई दिल्ली–110003 New Delhi-110003
दूरभाष नं.–011–24695033 Tele. Fax No. 011-24695034
E-mail : chairperson@aera.gov.in

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025

*प्रिय साथियों,*

*अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 11वें संस्करण के शुभ अवसर पर आप सभी को हार्दिक बधाई।*

*हम सब अवगत हैं कि हमारे देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की पहल एवं प्रयास के फलस्वरूप संयुक्त राष्ट्र ने योग को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 11 दिसंबर 2014 को पहचान एवं मान्यता दी है और इसे पहली बार 21 जून 2015 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया गया।*

*इस वर्ष 11वीं वर्षगांठ के ऐतिहासिक अवसर पर सरकार ने एक बहुत महत्वपूर्ण विश्वव्यापी विषय **"एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग"** की घोषणा की है जो वर्तमान समय में अत्यंत ही उपयुक्त है, जो प्रत्येक नागरिक को हमारी पृथ्वी के संरक्षण, पर्यावरण के बचाव, देश के सतत विकास एवं मनुष्य के अच्छे स्वास्थ्य को योगाभ्यास के माध्यम से प्राप्त करने की प्रेरणा देगा। इस पावन लोक पर्व के अवसर पर सभी सहभागियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं एवं अभिनंदन।*

*यह सर्वविदित है कि योग की उत्पत्ति वैदिक काल में भारत में हुई है तथा यह स्थापित वैज्ञानिक सत्य है कि योग के नियमित अभ्यास करने से मन शांत रहता है, मानसिक तनाव से मुक्ति मिलती है, प्रबल विचारों की एकाग्रता बढ़ती है तथा सेहत स्वस्थ रहता है एवं कई रोगों से मुक्ति मिलती है। शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए योग जैसा कोई विकल्प नहीं है। नियमित योगाभ्यास से हम हमारे कार्यालय एवं परिवार की जिम्मेदारियों को अधिक कारगर तथा उत्कृष्ट तरीके से निभा सकते हैं तथा देश की प्रगति में अपना योगदान दे सकते हैं।*

*अंत में, आग्रह है कि दिनांक 21 जून, 2025 को हम सभी अपने सहकर्मी, मित्रों एवं परिवार के साथ इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में भाग लेकर **"एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग"** की संकल्पना को साकार करें।*

*पुन: आप सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं !*

सुधीर रहाटे

***दिनांक: 21 जून, 2025***

***(एस. के .जी. रहाटे)***